छत्तीसगढ़ शासन
वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

--00--

**विषय :- प्रधानमंत्री गतिशक्ति परियोजना के क्रियान्वयन हेतु मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समन्वय (पी.एम. गतिशक्ति) समिति की बैठक दिनांक 07.06.2022 का कार्यवाही विवरण ।**

---000---

विषयांतर्गत **मुख्य सचिव महोदय, छत्तीसगढ़ शासन** की अध्यक्षता में गठित **राज्य स्तरीय समन्वय (पी.एम. गतिशक्ति) समिति (EGoS)** की बैठक दिनांक 07.06.2022 को आयोजित की गई। बैठक में **प्रधानमंत्री गति-शक्ति योजनांर्गत** राज्य मास्टर प्लान की समीक्षा की गई। बैठक में परिशिष्ट - **''अ''** पर दर्शित अनुसार अधिकारी उपस्थित रहे।

सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा बैठक में **प्रधानमंत्री गति-शक्ति** राज्य मास्टर प्लान की आवश्यकता एवं भविष्य में विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यो की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रधानमंत्री गतिशक्ति से राज्य में लॉजिस्टिक्स लागत में कमी करने, बुनियादी अधोसंरचना परियोजनाओं की एकीकृत योजना और कार्यान्वयन सुनिश्चित करने एवं विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करने में सहायता मिलेगी।

सचिव महोदया द्वारा बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री गति-शक्ति परियोजना भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों तथा राज्य सरकारों की अधोसंरचनात्मक योजनाओं यथा भारतमाला, सागरमाला, अंतर्देशीय जलमार्ग, बंदरगाह, उड़ान तथा आर्थिक क्षेत्र, फार्मास्युटिकल क्लस्टर, रक्षा गलियारा, इलेक्ट्रनिक पार्क, औद्योगिक गलियारा आदि को एक साथ केन्द्रीकृत पोर्टल में लाने की योजना है। इससे मौजूदा और प्रस्तावित परियोजनाओं की मैपिंग में मदद मिलेगी। इस हेतु 16 मंत्रालयों को एकल पोर्टल में लाने हेतु BISAG-N (भास्कराचार्य इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशन एण्ड जिओ इन्फारमेटिक्स) द्वारा राज्य-डेसबोर्ड एवं सभी संबंधित विभागों के विभागीय-डेसबोर्ड तैयार किये जावेंगे। डैशबोर्ड आधारित पीरियॉडिक मॉनीटरिंग, प्लानिंग टूल एवं सैटेलाईट इमेजेस द्वारा विभागीय डाटा अपलोड एवं अपडेट किये जाऐंगे।

सचिव महोदया द्वारा गतिशक्ति परियोजना के 6 स्तंभों व्यापकता, प्राथमिकता, अनुकूलता, वर्णनात्मकता, विश्लेषणात्मकता एवं गतिशीलता के संबंध में अवगत कराया गया। तत्पश्चात् मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित EGoS तथा प्रमुख सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग की अध्यक्षता में गठित NPG के कार्यो एवं अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। योजना अंतर्गत विभागीय आकड़ों के इन्टीग्रेशन, अपलोड एवं अपडेट संबंधी प्रशिक्षण हेतु छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों से 26 अधिकारियों/कर्मचारियों के BISAG-N, गांधी नगर में प्रशिक्षण संबंधी जानकारी बैठक में दी गई।

मुख्य सचिव महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित प्रशिक्षित अधिकारियों से BISAG-N द्वारा दिये गये प्रशिक्षण संबंधी अनुभवों की जानकारी ली गई। तत्पश्चात् सचिव महोदया द्वारा विभागों को 24 लेयर (Layer) एवं सब-लेयर के विषय में बताया गया, जिसके द्वारा विभागों को विभागीय आकड़ों को तैयार करना है। इस हेतु Technical Support Unit (TSU) का गठन किया जाना है, जो BISAG-N से समन्वय स्थापित कर विभागीय आंकड़ों को विभागीय पोर्टल में अपलोड एवं अपडेट करेंगे।

राज्य पोर्टल की विस्तृत जानकारी हेतु सचिव महोदया के माध्यम से गुजरात द्वारा निर्मित स्टेट पोर्टल का डेमो दिया गया।

मुख्य सचिव महोदय द्वारा परियोजना के क्रियान्वयन हेतु विभागों को निम्न निर्देश दिये गये :-

1. विभिन्न सबलेयर हेतु आवश्यक डाटा को सूचीबद्ध करने, विभागों के अधोसंरचना संबंधी प्रमुख परियोजनाओं को प्रधानमंत्री गति-शक्ति योजना में जोड़ने, समन्वय हेतु नोडल अधिकारी नामांकित करने तथा विभागों को सबलेयर के नोडल अधिकारियों का एक अलग समूह का निर्माण कर सतत् समीक्षा एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाये।
2. सभी सबलेयर के कार्य की प्रगति के मापन हेतु मापदण्ड एवं समय-सीमा निर्धारित की जाये।
3. अन्य राज्यों के बेस्ट प्रेक्टिसेस को भी शामिल किया जाये।
4. प्रमुख निर्माण विभाग यथा लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खनिज साधन विभाग, जल संसाधन विभाग, ऊर्जा विभाग एवं रेल परियोजनायें आदि के राज्य बजट में शामिल वृहद परियोजनाओं को पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में तत्काल राज्य पोर्टल में अपलोड किया जाये।
5. नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप के माध्यम से कार्यो की निगरानी EGoS को अवगत कराने के भी निर्देश दिये गये।

प्रमुख सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना में किये जाने वाले कार्यो का संक्षिप्त विवरण दिया गया।

प्रमुख सचिव महोदय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त किया गया।

(मनोज कुमार पिंगुआ)
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ शासन,
वाणिज्य एवं उद्योग विभाग